भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.02.2025

## आरेडिका में बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 28.01.2025 से 31.01.2025 तक बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में सिंगल एवं डबल मुकावले खेले गए इन मुकावलों में रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

डबल फाइनल मुकावले में आरपीएफ के इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार एवं आरपीएफ के मोहित दहिया विजेता रहे वहीं डिप्टी सीवीओ त्रिलोक नाथ अन्थवाल तथा वर्क्सशॉप प्रबंधक कृष्ण किनकर उपविजेता रहे। सिंगल फाइनल मुकावले में संतोष कुमार विजेता रहे वहीं डिप्टी सीवीओ त्रिलोक नाथ अन्थवाल उपविजेता रहे।

महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता एवं उपविजेताओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आरेडिका खेल–कूद अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुश्री सुधा सिंह ने बताया कि इससे आरेडिका के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में गहन समझ का विकास होगा। ओलम्पिक जैसे खेलों में रेलवे के खिलाड़ियों के द्वारा विजय पताका फहरा कर देश को गौरवान्वित किया है इसलिए इन खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष बीएल मीना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए उचित व्यवस्था की गयी है, जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े एवं निष्पक्ष प्रतियोगिता का सफल अयोजन हो सके।

01/2/2025
(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी